आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

जामिया–मन्नु–तुर्किए एमओयू

भारत–तुर्किये संबंधों में व्यापक गिरावट के बाद कई प्रमुख भारतीय विश्वविद्यालयों ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए तुर्किए के संस्थानों के साथ अपने अकादमिक समझौता ज्ञापन को रद्द कर दिया है। जामिया मिलिया इस्लामिया ने तुर्किये की सरकार से संबद्ध संस्थानों के साथ सभी समझौता ज्ञापनों को तत्काल रद्द करने की घोषणा की है। हैदराबाद के मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय ने भी हालिया घटनाओं के बाद तुर्किए में यूनुस एमरे संस्थान के साथ अपने अकादमिक समझौता ज्ञापन को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। इसके अलावा देश के 11 प्रमुख हवाई अड्डों पर कार्गो सेवाओं का जिम्मा संभालने वाली तुर्की की कंपनी सेलेबी ग्राउंड हैंडलिंग इंडिया प्राईवेट लिमिटिड की सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई है।

तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा ने भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्रा शुरू की है। इसी कड़ी में आज मंडी में पार्टी द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इस बीच कल धर्मशाला में निकाली गई तिरंगा रैली के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने सिद्ध कर दिया है कि वो अब केवल प्रतिक्रिया नहीं देगा बल्कि निर्णायक रूप से कार्रवाई करेगा। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बेवजह और अनुचित सवाल न उठाने की सलाह दी है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज हस्तपा द्वारा आयोजित एमटीवी शिमला साइकिल रेस के 12वें संस्करण का शिमला के रिज मैदान से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। 18 मई तक आयोजित की जा रही इस रेस में 20 राज्यों से आए सौ साइकलिस्ट को लगभग एक सौ 20 किलोमीटर का सफर तय करना होगा।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार ने सत्ता में आने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कदम उठाए हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्री प्राइमरी शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए 62 सौ नर्सरी अध्यापकों की नियुक्ति की जा रही है। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश राज्य चयन आयोग के माध्यम से शीघ्र ही 31 सौ पद भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा विभाग में कार्यरत 7 सौ 78 अंशकालिक जलवाहकों को नियमित किया है।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों पर 2 सौ 50 करोड़ रूपए खर्च किए जा रहे हैं। मशोबरा में सिपूर मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इस राशि से क्षेत्र की सड़कों को पक्का करने, पेयजल उपलब्ध करवाने व सभी विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

बाली

पर्यटन निगम के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली ने कहा है कि प्रदेश सरकार कृषि व बागवानी क्षेत्र को सुदृढ़ कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रही है। कांगड़ा में जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार 2 हजार करोड़ रूपए खर्च करेगी। बाली ने कहा कि कृषि व बागवानी उत्पादों का प्रशंसकरण कर उनका विपणन करने के लिए बेहतरीन व्यवस्था विकसित की जा रही है।

जनकराज

विधायक जनक राज ने कहा है कि भरमौर विधानसभा क्षेत्र के कई ऐसे गांव हैं जो अभी भी सड़क सुविधा से वंचित हैं, जिसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक बयान में उन्होंने कहा कि इन गांवों के लोगों को लंबी दूरी तय कर सड़क तक पहुंचना पड़ता है और मरीजों को पीठ पर या पालकी द्वारा अस्पताल पहुंचाया जाता है। उन्होंने सरकार को इस ओर ध्यान देने का आग्रह किया है।

मतदाता पंजीकरण

मंडी जिले में मतदाता पंजीकरण व जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन ने बताया कि इस वर्ष एक अप्रैल की अहर्ता तिथि के आधार पर जिले की सभी दस विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों में नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने लोगों से अपने संबंधित बूथ स्तर के अधिकारी से संपर्क कर अपने और अपने परिवार के पात्र सदस्यों के पंजीकरण कराने की अपील की है।